मुख्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम पंचदीप भवन सी.आइ.जी.मार्ग, नईदिल्ली–110002		HEADQUARTERS EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION PANCHDEEP BHAWAN C.I.G. ROAD, NEW DELHI-110002

सं.: ई–13/12/08/2013–जन संपर्क दिनांक: 08.03.2018

प्रेस प्रकाशनी

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

क.रा.बी. निगम ने दिनांक 08.03.2018 को नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। **श्रीमती संध्या शुक्ला, आई ए एवं ए एस, वित्त आयुक्त, क.रा.बी.निगम** ने अपने बीज वक्तव्य में सभा को संबोधित किया तथा सभी कर्मचारियों मुख्यतः महिलाओं को इस अवसर पर शुभकामनाएँ दीं। आगे उन्होंने सूचित किया कि क.रा.बी. निगम ने महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाने के संबंध में काफी योगदान दिया है। उन्होंने महिला संवेदनशीलता पर भी जोर दिया। उन्होंने महिला सहकर्मियों को सहयोग तथा समर्थन दिए जाने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर **डॉ. आमना मिर्ज़ा, सहायक प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा डॉ. दिपाली भारद्वाज, त्वचा रोग विशेषज्ञ** अतिथि वक्ता थीं। दोनो अतिथियों ने महिला सशक्तीकरण, महिला संवेदनशीलता तथा समाज में महिलाओं द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति के संबंध में अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, उज्जवला योजना, स्टैंड अप इंडिया आदि जैसी योजनाओं की भी सराहना की। इसी क्रम में क.रा.बी. निगम ने भी बीमाकृत महिलाओं के लिए मातृत्व हितलाभ की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया है। इस अवसर पर मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्ति थे–**डॉ. आर. के. कटारिया, चिकित्सा आयुक्त; श्री अरुण कुमार, बीमा आयुक्त; श्री ए के सिन्हा, बीमा आयुक्त; डॉ. पी. एल. चौधरी, चि. आयुक्त तथा डॉ. एस. एल. विग, चिकित्सा आयुक्त।**

भारत में क.रा.बी. योजना

क.रा.बी. निगम रोजगार चोट, बीमारी, मृत्यु आदि जैसी जरूरतों के समय वृहत सामाजिक सुरक्षा हितलाभ जैसे उचित चिकित्सा देखरेख तथा नकद हितलाभ की श्रृंखला प्रदान करने वाला एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन है। अभी तक, 40 लाख से अधिक बीमाकृत महिलाएँ इसके अंतर्गत व्याप्त हैं तथा क.रा.बी. योजना के अंतर्गत विभिन्न हितलाभ प्राप्त कर रही हैं। क.रा.बी. योजना के लाभार्थियों की कुल संख्या 12.40 करोड़ से अधिक है। 1952 में क.रा.बी. निगम की शुरूआत से अब तक 151 अस्पताल, 1489/174 औषधालय/भारतीय चिकित्सा पद्धति इकाइयाँ, 815 शाखा/भुगतान कार्यालय तथा 63 क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए जा चुके हैं।